-53% -76% -46% -63%
Buy Now Buy Now Buy Now Buy Now

-54% Hutch Cabinets -... Buy Hutch Cabi... Rs 9,500 Buy Now -51% Modern C Buy Mode Rs 13 Buy N

जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज में मना योग दिवस

Posted on June 22, 2018 (http://www.smarttimes.in/janki-devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas/) by चौधरी सारांश (http://www.smarttimes.in/author/ashu/) | (http://www.smarttimes.in/janki-devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas/print/) Print This Post (http://www.smarttimes.in/janki-devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas/print/) | (http://www.smarttimes.in/janki-devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas/emailpopup/)

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जानकी देवी मेमोरियल कॉलज में योग किया गया। काफी संख्या में कॉलेज के प्राध्यापक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने योग में अपनी सहभागिता दी। योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सेवेरे साढ़े आठ बजे शुरू हुआ।

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ स्वाति पाल ने वर्तमान में योग की महत्ता और प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ अरुण यादव, मेंबर परामर्श समिति,लोकनायक हॉस्पीटल ने स्वास्थ्य जागरूकता और योग के महत्व पर उपयोगी जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि मतभेदों और विवादों से भरे आज के इस दौर में अगर दुनिया के लगभग सभी देश परस्पर सहमति से किसी एक मुद्दे पर एक साथ एक दूसरे का समर्थन करें तो यह मान लेना चाहिए कि जरूर वह मुद्दा वैश्विक हित से जुड़ा होगा। 21 जून को दुनियाभर में मनाया जाने वाला योग दिवस ऐसा ही एक आयोजन है। भारत में योग को स्वस्थ रहने की लगभग 5000 साल पुरानी मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक पद्धति के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह हमारे देश के लोगों की जीवनचर्या का हिस्सा है, लेकिन चार बरस पहले संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का ऐलान करके पूरी दुनिया को स्वस्थ रहने का मंत्र दे दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 27 सितंबर 2014 को दुनियाभर में योग दिवस मनाने का आह्वान किया था। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा भारत के लिए एक महान क्षण था क्योंकि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रस्ताव आने के मात्र तीन माह के भीतर इसके आयोजन का ऐलान कर दिया। महासभा ने 11 दिसंबर 2014 को यह ऐलान किया कि 21 जून का दिन दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाएगा। यह दुनियाभर के लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य तथा आध्यात्मिक संतोष के विकास का अनुपम अवसर था। अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन का दुनिया के लगभग सभी देशों ने समर्थन किया और दुनिया के 170 से ज्यादा देशों के लोग 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाते हैं और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लेते हैं।

जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों प्राचार्या,प्राशसनिक स्टॉफ,अध्यापक,छात्राओं सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम में बढ़ -चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम में 100 से भी अधिक लोगों की भागीदारी रही। योग निर्देशिका सुश्री दीपा शर्मा ने प्राणायाम के प्रकार और विभिन्न प्रकार के उपयोगी आसन सिखाये। यह कार्यक्रम एक घंटे तक चला। जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की योग टीम ने सूर्य नमस्कार आसन करके दिखाया।अंत में राष्ट्रीय गानऔर योग को अपने जीवन में अपनाने की शपथ ली गयी। कार्यक्रम की सफलता में कॉलेज के दोनों स्टॉफ एडवाइजर डॉ जयन्ती पी साहू और डॉ सिपू जायसवाल और यूनियन के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

Share on:
WhatsApp
2 SHARES
Share (https://www.facebook.com/sharer.php?u=http%3A%2F%2Fwww.smarttimes.in%2Fjanki-devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas%2F)
Tweet (https://twitter.com/intent/tweet?text=%E0%A4%9C%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A4%95%E0%A5%80%20%E0%A4%A6%E0%A5%87%E0%A4%B5%E0%A5%80%20%E0%A4%AE%E0%A5%87
devi-memorial-college-mein-mana-yoga-diwas/&via=smarttimes7)
Subscribe

RELATED POSTS



(http://www.smarttimes.in/kapil-replied-that-what-he-has-asked-for-good-day/) (http://www.smarttimes.in/kapil-replied-that-what-he-has-asked-for-good-day/)

कपिल ने माँगा मोदी से जवाब क्या यही हैं 'अच्छे दिन' ? **(http://www.smarttimes.in/kapil-replied-that-what-he-has-asked-for-good-day/)**



(http://www.smarttimes.in/bhartiya-vaighyanik-ko-lemelsan-mit-pirze/) (http://www.smarttimes.in/bhartiya-vaighyanik-ko-lemelsan-mit-pirze/)

भारतीय वैज्ञानिक को लेमेल्सन-एमआइटी पुरस्कार **(http://www.smarttimes.in/bhartiya-vaighyanik-ko-lemelsan-mit-pirze/)**

(http://www.smarttimes.in/kaveri-jal-vivad/) (http://www.smarttimes.in/kaveri-jal-vivad/)

कावेरी जल विवाद: कर्नाटक में प्रदर्शनकारियों ने हाइवे पर आवाजाही रोकी, 700 बसों के पहिए थमे **(http://www.smarttimes.in/kaveri-jal-vivad/)**